तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 13 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



हादसों को रोकने बैनर पोस्टर का सहारा ले रही जिला पुलिस 2




## खबर संक्षेप

### बारहवीं की परीक्षा में 83 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष के लिए 12 मार्च को कक्षा 12वीं विषय इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित एवं ड्राईग एंड पेंटिंग की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 4460 दर्ज परीक्षार्थियों में से 4377 उपस्थित और 83 अनुपस्थित रहे। जिसमें विकासखंड अकलतरा में 725 परीक्षार्थियों में से 715 उपस्थित, 10 अनुपस्थित, बलौदा विकासखंड में 653 परीक्षार्थियों में से 641 उपस्थित, 12 अनुपस्थित, बम्हनीडीह विकासखंड में 675 परीक्षार्थियों में से 665 उपस्थित, 10 अनुपस्थित, नवागढ़ विकासखंड में 1275 परीक्षार्थियों में से 1255 उपस्थित, 20 अनुपस्थित, पामगढ़ विकासखंड में 1132 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1101 उपस्थित, 31 अनुपस्थित थे। परीक्षा में नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

### बिजली बिल से राहत का मौका सारागांव में समाधान योजना शुरू

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत वितरण केंद्र सारागांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना के माध्यम से सारागांव उपसंभाग के लगभग 19 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलने की संभावना है। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने और बकाया बिजली बिल के भुगतान के लिए पंजीयन कराने की अपील की गई है।

## दो दिनों के भीतर दर्जनों संस्थानों में छापामार कार्रवाई

# कमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे व्यापारी

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घरेलु गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने को लेकर खाद्य विभाग का अमला एक्शन मोड़ में आ गया है। दो दिनों के भीतर दर्जनों संस्थानों में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में घरेल गैस सिलेंडर, चूल्हा, गैस पाईप एवं रेगुलेटर जब्त किया गया है। जिसके चलते इस तरह के अवैध कारोबार में लगे व्यापारियों में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि जिले के होटल, ढाबा, भोजनालय, रेस्टोरेंट, ठेला सहित अन्य संस्थानों का संचालन करने वाले कई व्यापारी नियमों को ताक में रखकर कार्मिशियल की जगह घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग धडल्ले से कर रहे है। मीडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष से गैस की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसे देखते हुए सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच और कार्रवाई की जा रही है। दो दिनों के भीतर ही दर्जनों संस्थानों में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में घरेलु गैस सिलेंडर एवं पाईप जब्त किया गया है। गुरूवार 12 मार्च को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने तथा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और व्यावसायिक दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा जिले के लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि तहसील बलौदा के ग्राम पंचायत पहरिया के विजय स्वीट्स में छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर विजय स्वीट्स के संचालक शंकर लाल कुम्भकार के द्वारा घरेलु लाल सिलेंडर का उपयोग व्यवसायिक रूप से नाश्ता तैयार कर व बिक्री करते पाया गया। मौके पर जांच दल के द्वारा 4 नग लाल घरेलू सिलेंडर, 2 नग चुल्हा, 1 नग दोसा प्लेट चुल्हा, 3 नग रेग्यूलेटर एवं 3 नग गैस पाइप की जब्ती की कार्यवाही की गई। उक्त प्रतिष्ठान में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इसके पूर्व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार 11 मार्च को चांपा शहर के विभिन्न संस्थानों में दबिश दी गई। इस दौरान चांपा के करणी भोजनालय, पंजाब हवेली, जलाराम भोजनालय, सुमित होटल, श्री गणेश होटल, सोना होटल का खाद्य विभाग टीम द्वारा दबिश दी गई। गणेश होटल में संस्थान के संचालक राजेश तिवारी के द्वारा व्यवसायिक की जगह घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग अपने संस्थान में कर रहे थे, जिस पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जिसके तहत प्रेशर रेगुलेटर, गैस पाईप लाइन एवं चूल्हा जब्त करने की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार चांपा के ही सोना होटल में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर कार्मिशियल की जगह घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग धडल्ले से किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा एवं गैस पाईप लाइन जब्त किया गया है। इस तरह हो रही लगातार कार्रवाई से खाद्य विभाग से जुड़े व्यवसायिक संस्थानों में हडकंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि कई व्यापारी नियमों को ताक में रखकर इस तरह धरेलु गैस का उपयोग कार्मिशियल के रूप में कर रहे है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है।



पहरिया के विजय स्वीट्स में कार्रवाई करने के लिए पहुंचे संयुक्त टीम।

### की जा रही कार्रवाई

कई व्यापारी अपने संस्थानों में कार्मिशियल की जगह धरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे है। जिसे देखते हुए संस्थानों में दबिश देकर गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

-कौशल साहू
जिला खाद्य अधिकारी, जांजगीर चांपा

## देर रात डीजे चलाना पडा महंगा, संचालक गिरफ्तार, मेटाडोर व सेट की बनाई जब्ती

**जांजगीर-चांपा।** देर रात तक डीजे चलाना संचालक को तब महंगा पड़ गया, जब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संचालक को गिरफ्तार करने के साथ साथ मेटाडोर व सेट की जब्ती बना ली। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च की दरमियानी रात को सिटी कोतवाली के चांपा रोड में एक डीजे अत्यधिक साउंड में बजाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जो डीजे संचालक के द्वारा मेटाडोर में डीजे सिस्टम को माउंट कर अत्यधिक साउंड में बजाते मिलने पर डीजे संचालक को टीम के द्वारा कोतवाली थाना लाया गया। साथ ही मेटाडोर तथा उसमें लगे डीजे सिस्टम को जप्त किया गया। डीजे संचालक बालको निवासी ज्योतिष कश्यप पिता बैसाखू कश्यप उम्र 30 वर्ष के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक भीम श्रीवास, आरक्षक नितेश विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।





8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES, BILASPUR (C.G.) — B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार — वाशिंग मशीन | द्वितीय पुरस्कार — इंडक्शन | तृतीय पुरस्कार — मिक्सर ग्राइंडर | चतुर्थ पुरस्कार — इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ....................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ....................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ....................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ....................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ....................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ....................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ....................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ....................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ....................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ....................

Learn AI Design Tools this Summer — छुपा है हर घर में हुनर, एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद — Exclusively for Class 5th - 11th — ARENA ANIMATION — Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur — • Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

New Town — Own it! — Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ....................
पिता/पति का नाम :- ....................
स्थाई पता :- ....................
....................
फोन/मो. नं. :- ....................
शैक्षणिक योग्यता :- ....................

फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank ...the name you can BANK upon ! — pnb — call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS — ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW — COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL — Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur — Mob. : 9522220113, 9516606123



## क्राइम की खबरें

### विभिन्न स्थानों में डामरीकरण हेतु शासन से मिली स्वीकृति

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि शासन द्वारा शहर के चार प्रमुख मार्गो के डामरीकरण हेतु 5.93 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से दी गई है। इन सड़कों के डामरीकरण से शहर के लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। सड़कों के डामरीकरण को मिली स्वीकृति जिनमें सुनालिया ब्रिज से पावर हॉउस रोड फाटक अंडरब्रिज रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 112.55 लाख, पावर हाउस रोड फाटक से पुराना बस स्टैंड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 156.90 लाख, कोसाबाड़ी जोन के जैन चौक से घंटाघर तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 125 लाख, घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य 199 लाख रूपये की स्वीकृति मिली।

### चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 से होंगे विविध कार्यक्रम

**कोरबा।** सिंधी समाज द्वारा ईष्टदेव वरूण अवतार सांई झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंड्र महोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धाभाव से मनाया जावेगा इसके तहत 14 मार्च से 20 मार्च तक विविध आयोजन होगें। पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष अशोक चावलानी एवं सचिव नरेश जगवानी ने जानकारी दी कि 14 मार्च को सिंधु भवन में शाम 6 बजे भगवान श्री झूलेलाल जी की स्तुति धुनी साहब एवं पूजा-आरती भंडारे के साथ चेट्रीचंड महोत्सव का आरंभ होगा। 15-16 एवं 17 मार्च एसपीएल-2 क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन एसईएसबी खेल मैदान में किया गया है, जिसमें समाज के युवक युवतियां क्रिकेट मैच के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 19 मार्च को सुबह 8 बजे मोटर सायकल रैली श्री झूलेलाल मंदिर से आरम्भ होगी जो प्रमुख मार्गों से होकर संत कंवरराम उद्यान मेन रोड मे समापन होगा।

### महिला अधिकार केवल एक दिन का नहीं निरंतर कार्यवाही का मुद्दा

**कोरबा।** महिला अधिकार केवल एक दिन का मुद्दा नहीं, यह निरंतर नीति और कार्यवाही का प्रश्न है, भारतीय मज़दूर संघ इस दिशा में कार्यशाला, अभियान, हेल्पलाइन, लॉन्च कर रहा है। उक्त बातें बीएमएस के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल ने महिला अधिकार दिवस के अवसर पर कोरबा पश्चिम दर्री में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस के दौरान कही। इस दौरान बीएमएस से संबद्ध बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ ने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को तेज़ करने की माँग की है। संगठन ने कहा है कि इस वर्ष हमारा फोकस काम-स्थल सुरक्षा, समान वेतन और स्थानीय नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। हम सरकार और नियोक्ताओं से लैंगिक वेतन अंतर को 2027 तक 5 प्रतिशत से नीचे लाने की माँग करते हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम हेतु तेज़ शिकायत-निपटान प्रणाली और नियमित ऑडिट लागू करने का प्रस्ताव। पंचायत-स्तर से कॉर्पोरेट बोर्ड तक महिलाओं की प्रतिनिधित्व दर 33 प्रतिशत करने का लक्ष्य।

### ग्राम्य भारती महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की भूमिका, उनकी उपलब्धियों तथा समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. कार्तिकेश्वर दुबे, प्रो. अंजली कंवर तथा डॉ. रानू राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सम्मान, जागरूकता और समान अधिकारों पर भी चर्चा की गई। छात्राओं ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किए।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

## पिछले 5 दिनों से गैस बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्या

# कॉमर्शियल सिलेंडर की समस्या, रेस्टोरेंट होटल संचालकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के दौरान पेट्रोल और गैस के संकट को लेकर लोग परेशान होने लगे हैं। गैस सिलेंडर में बुकिंग के दौरान लोगों को बढ़े हुए दाम के साथ नए नियमों ने भी परेशानी में डाल दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर के होटल रेस्टोरेंट के उपयोग होने के कारण उनके संचालकों के सामने सिलेंडर को लेने में समस्या खड़ी हो गई है। मांग के अनुरुप अभी से सिलेंडर नहीं मिलने के कारण समस्या सामने आ गई है।

**खास बात**

- एजेंसियों ने सर्वर डाउन रहने का बताया कारण

पिछले 7 मार्च से अब बुकिंग के दौरान उपभोक्ताओं को जूझना पड़ रहा है। बुकिंग कर रहे हैं तो मोबाइल में ओटीपी नहीं आ रहा यह स्थिति घरेलू सिलेंडर उपयोग करने वाले आम उपभोक्ताओं के साथ कॉमर्शियल सिलेंडर उपयोग करने वाले होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के सामने भी खड़ी हुई है। उनकी मानें तो पूर्व में बुकिंग के दौरान जो सिलेंडर मिले थे उसका उपयोग चल रहा है लेकिन अब सिलेंडरों के मांग के अनुरुप नहीं मिलने से समस्या सामने आ रही है। गैस सिलेंडर के समस्या को लेकर गैस एजेंसियों के संचालकों के अनुसार सप्लाई देर से हो रही है। इससे कुछ दिक्कतें जरुर हैं। वहीं बुकिंग के लिए सर्वर डाउन रहने के कारण उपभोक्ताओं को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि खाद्य विभाग के अधिकारी कहते हैं कि संकट की कोई स्थिति नहीं है। लोड देर से आने के कारण लोगों को देर से सिलेंडर मिल रहा है। गैस बुकिंग के अलावा पेट्रोल डीजल को लेकर भी लोगों को आने वाले दिनों में संकट की स्थिति निर्मित ना हो जाए इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं। ऐसी चर्चाओं के बीच पेट्रोल पंपों में भी अब कतारें लगनी शुरु हो गई हैं। हालांकि पेट्रोल डीजल की सप्लाई कहीं भी बाधित नहीं हुई है। पेट्रोल पंप संचालकों की मानें तो अभी स्थिति सामान्य है।




गैस एजेंसी।

### घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर कार्रवाई



घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सब्सिडी युक्त गैस का व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग न केवल नियमविरुद्ध है, बल्कि आम जनता के अधिकारों का भी उल्लंघन है। इसी कड़ी में बुधवार को ट्रांसपोर्टर नगर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान सेंटर प्वाइंट का निरीक्षण राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में व्यावसायिक प्रयोजन से 6 घरेलू गैस सिलेंडरों (3 भरे हुए तथा 3 खाली) का उपयोग किया जाना पाया गया, जो प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच में अनियमितताएँ पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### अवैध भंडारण व ब्लैक मार्केटिंग रोकने प्रशासन सतर्क

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर सख्त रोक लगाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गैस वितरक एजेंसियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए रसोई गैस पर किसी भी प्रकार की अफवाह या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और रसोई गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिले में एलपीजी सिलेंडर का अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग या अधिक मूल्य पर बिक्री जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। सभी एजेंसियां इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर और बुकिंग तिथि के अनुक्रम में ही दी जाए। गैस एजेंसियों को प्रतिदिन अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**चल रहा अभियान**

गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और ब्लेक मार्केटिंग रोकने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा अभियान शुरु कर दिया गया है। कुछ मामलों में कार्यवाही की गई है। अवैध भंडारण रोकने प्रशासन सतर्क है।
**-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

## अब सेजेस के प्रभारी प्राचार्यों की मूल शाला में की जाएगी वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेजेस स्कूलों के प्राचार्य पद पर आसिन व्याख्याताओं को अब अपनी मूल शाला में जाना होगा।

**खास बातें**

- लोक शिक्षण संचालनालय का जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किया निर्देश
- व्याख्याताओं को बनाया गया है सेजेज स्कूलों का प्रभारी प्राचार्य

शिक्षक संघों के द्वारा लोक शिक्षक संचालनालय को कई बार पत्र लिखा गया था जिस पर संज्ञान लेते हुए संचालनालय के द्वारा 10 मार्च को सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। इस पत्र के बाद अब सेजेस स्कूल में प्राचार्य के पद पर बैठे व्याख्याता अपनी मूल शाला में जाकर अध्यापन का कार्य कराएंगे।

सेजेस स्कूलों की स्थापना के बाद से उनके प्राचार्य पद पर सीधी भर्ती नहीं होने की वजह से प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने का सिलसिला शुरु हो गया था जो अब तक जारी है। प्रभारी प्राचार्य के लिए हायर सेकेण्डरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याताओं ने जोड़ तोड़ शुरु की थी और अपनी मूल शाला में पढ़ाने का कार्य छोड़कर सेजेस स्कूलों के प्रभारी प्राचार्य बन गए थे। 10 मार्च को लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी किए पत्र से प्रभारी प्राचार्य के पद पर बैठे व्याख्याताओं में हड़कंप मच गया है। संचालनालय ने इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को जो पत्र जारी किया है उसमें तीन बिंदू प्रमुख रुप से शामिल हैं जिस पर शिक्षण कार्यो को अमल करना होगा। इनमें पहले बिंदू के अनुसार प्रभारी प्राचार्य के विषय पद के रिक्त होने की स्थिति में उसी संस्था में संबंधित की सहमति उपरांत पदस्थापना का प्रस्ताव भेजा जाए, दूसरे बिंदू के अनुसार अगर प्रभारी प्राचार्य के पदस्थ शाला में कोई पद रिक्त नहीं है तो ऐसी स्थिति में उनको मूल शाला में पदस्थापना की जाएगी। तीसरे बिंदू के अनुसार अगर मूल शाला में भी प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ व्याख्याता के लिए विषय के पद नहीं है तो उक्त व्याख्याता को जिले के संबंधित विषय के रिक्त शाला में पदस्थ किया जाएगा।

## किसान के खेत से ट्रांसफार्मर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग स्थित बरपाली गांव में मंगलवार की रात चोरों ने एक किसान के खेत में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को निशाना बनाते हुए उसमें से कीमती सामान चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर चालू हालत में था, इसके बावजूद चोरों ने उसे खोलकर पुर्जे निकाल लिए।

मिली जानकारी के अनुसार बरपाली निवासी किसान शिवांश खत्री के खेत में लगा ट्रांसफार्मर चोरों ने देर रात खोल दिया और उसमें से कीमती सामान निकालकर फरार हो गए। सुबह जब किसान खेत पहुंचे तो ट्रांसफार्मर से छेड़छाड़ और चोरी की जानकारी सामने आई। किसान शिवांश खत्री ने बताया कि उनके खेत में लगा ट्रांसफार्मर चालू हालत में था। देर रात अज्ञात चोरों ने उसे खोलकर अंदर के कीमती पुर्जे निकाल लिए, जिससे खेती के कामकाज में परेशानी होने लगी है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की शिकायत पर जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में अपराध दर्ज किया जाएगा।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को लुण्ड्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी की हत्या भोजन नहीं बनाने के बात को लेकर किया था। घटना की रिपोर्ट आरोपी के पिता ने थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कुदर झेरी लोंगरी निवासी बोदो राम आ. स्व. केन्दा राम (53 वर्ष) ने 8 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके तीन पुत्र है और बड़ा पुत्र दशमन कोरवा (30 वर्ष) शादी के बाद पास ही रहता है। पहली पत्नी के मौत हो जाने पर वह सखौली नवापारा निवासी प्रियंका को पत्नी बनाकर एक साल से रखा था। शनिवार की रात दशमन किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद कर रहा था। दूसरे दिन सुबह उसके घर में किसी प्रकार के चहल पहल नहीं होने तथा बहू व बेटा के घर के बाहर नहीं निकले पर जब पत्नी को फुलेश्वरी को देखने भेजा तो वह बताई बहू सोई है और नहीं उठ रही है।

## रेस्क्यू के बाद हसदेव नदी में युवक का मिला शव



मृत युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव नदी में नहाने गए तीन दोस्तों में से एक युवक की डूब कर मौत हो गई है। घटना 8 मार्च की है। जय भगवान गली दर्री निवासी मृतक नौशाद अंसारी पिता कलामुद्दीन अंसारी उम्र 23 वर्ष 8 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे अपने तीन साथियों के साथ नहाने गया था। जहां तेज बहाव में नौशद डूब गया था। दर्री थाना, नगर सेना की टीम लगातार खोजबीन में जुटी हुई थी। तीसरे दिन बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम पहुंची हुई थी और थाना दर्री कि टीम नगर सेनानी की टीम ने रेस्क्यू किया गया। गहरी नदी और घनी जलकुंभी में नौशाद को खोजना काफी मुश्किल था। आखिरकार गोताखोरों ने नौशद अंसारी के शव को बरामद किया। मामले में दर्री पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक नदी में गहराई और जलकुंभी के बीच फंसा गया था। जिसके कारण खोज में देरी हुई।

## हादसों को रोकने बैनर पोस्टर का सहारा ले रही जिला पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




दीवाल पर पांपलेट चस्पा करते पुलिस कर्मी।

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला पुलिस द्वारा बैनर पोस्टर, पंपलेट का सहारा लिया जा रहा है। यातायात पुलिस जिले के आउटर पर पहुंच रही है और जगह-जगह पोस्टर लगा रही है और लोगों को जागरूकता के माध्यम से हादसों को रोकने की दिशा पर पहल कर रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के आउटर सहित कटघोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग हो या फिर उरगा चंपा मुख्यमार्ग जहां अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। इन हादसों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन पर यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम शहर की अलग-अलग चौक चौराहों पर पहुंच रही है जहां पुलिस द्वारा दीवारों पर बैनर पोस्टर पांपलेट चस्पा किया जा रहा है। पांपलेट में सड़क हादसों को रोकने के उपाय बताये गए हैं। सभी बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि हादसों को कैसे रोका जा सकता है। यातायात विभाग से श्री राठौर ने बताया कि यह बैनर पोस्ट जगह जगह चस्पा किया जा रहा है। वहीं स्कूल कॉलेज में भी इसका वितरण किया जा रहा है ताकि लोग में जन जागरूकता आ सके और हादसों का ग्राफ कम किया जा सके।

## चल रहा भाथूपारा तालाब को पाटने का काम, पार्षद ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भाथूपारा तालाब को अवैध रूप से पाटने और उसपर अतिक्रमण को लेकर निगम पार्षद शुभम जायसवाल ने सरगुजा कलेक्टर को एक ज्ञापन देकर दोषियों पर कार्रवाई एवं तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि रिंग रोड से लगे भाथूपारा तालाब में के कई हिस्सों को पाट कर वर्षो से इसपर अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसके कारण इस तालाब का अस्तित्व खतरे में पड गया है। इस तालाब के करीब 30 प्रतिशत हिस्से को पाटकर कई मकान और गैरेज का निर्माण कर लिया गया है। अब पुनः भू-माफिया इस तालाब के उत्तरी हिस्से को पाट कर समतलीकरण कर इसपर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे भी गंभीर बात यह है कि इस तालाब से लगे एक होटल व्यवसायी के द्वारा होटल के पीछे स्थित निस्तारी नाले को पाटा जा रहा है। इस निस्तारी नाले से शहर के एक बड़े हिस्से का जल बहाव आता है। इस वर्ष बरसात के मौसम में इस निस्तारी नाले के बाधित हो जाने के कारण शहर के कुंडला सिटी कालोनी में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

होटल व्यवसायी के द्वारा अगर नाले को पाट दिया जाता है तो आने वाले समय में शहर के एक बड़े हिस्से का बरसात के दिनो में डूबना तय है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पार्षद शुभम जायसवाल ने कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन देकर इस सुनियोजित कब्जे को रोकने एवं शहर की पारिस्थितिकी को बचाने की मांग की है। अपने आवेदन में शुभम जायसवाल ने सुप्रीम कोर्ट

## निगम के बकायादार की प्रॉपटी को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम ने बकायादारो की सम्पत्ति को सील कर दिया, यह कार्यवाही कोसाबाड़ी व टीपी नगर जोन में निगम के बडे बकायादारों पर की गई, कर न जमा करने वाले बकायादारों पर अब सख्त कार्यवाही कर रहा है निगम, विशेष कर बड़े बकायादारों द्वारा यदि शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो सम्पत्तियों की सीलबंदी व उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जाएगी।

नगर निगम द्वारा ऐसे बडे बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध निगम कड़ी कार्यवाही की तैयारी में हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में बुधवार को निगम के कोसाबाड़ी जोन एवं टीपी नगर जोन में बकायादारों द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम के राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह की अगुवाई में निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है तथा उन्हें तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

आवश्यकता हैं
केयरटेकर
(देख-रेख करने वाली)
बच्चों एवं घर के काम हेतु स्त्रीयो/लड़कियो की आवश्यकता हैं
रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन
केरा रोड, जांजगीर
मो. 8600012354

## स्वामित्व प्रमाण पत्र देने के लिए ग्रामों का होगा ड्रेन सर्वे

**कोरबा।** ऐसे गांव जहां के ग्रामीणों को उनके आवासों का किसी भी तरह का वैध दस्तावेज नहीं है उनके वैध दस्तावेज देने के लिए राज्य शासन द्वारा बीते वर्ष लागू की गई स्वामित्व योजना अंतर्गत ऐसे ग्रामों का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा इससे गांव में निवासरत भूस्वामियों के कब्जे की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। पिछले वर्ष इस योजना के तहत लगभग 100 ग्रामीणों को भूस्वामित्व प्रमाण पत्र दिया गया था। ये ऐसे ग्रामीण थे जिनके आवास को लेकर किसी तरह के वैध प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण उन्हें शासकीय योजनाओं पीएम आवास की सुविधा नहीं मिल रही थी। भूस्वामित्व योजना का लाभ ऐसे ग्रामीणों को भी दिया जाता है जो लंबे समय से खेती कर रहे हैं और उस खेत से भी संबंधित कोई दस्तावेज या कोई राजस्व रिकार्ड उनके नाम पर नहीं हैं। ऐसे ग्रामीणों को भी पिछले साल स्वामित्व प्रमाण पत्र दिए गए थे। अब नए सिरे से उन ग्रामों का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम-हसौद प.ह.नं. 08
दिनांक 12/03/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुन्दर लाल कश्यप पिता श्री-फिरन कश्यप जाति-कुर्मी निवासी- मल्दा, तहसील- हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने स्वयं का जन्म दिनांक 11.05.1969 स्थान हसौद पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथपत्र, सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/03/2026 का समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**

**आम ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता धनीराम बंजारे पिता जेठूराम बंजारे निवासी-दीप्ति विहार कॉलोनी जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की हक आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम जांजगीर प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. व तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में खसरा नंबर 2742/1 में से 0.03 एकड़ परिवर्तित भूमि को क्रेता आशालता राठौर उम्र 53 वर्ष पति लक्ष्मण कुमार राठौर निवासी ग्राम पुटपुरा द्वारा क्रय करने का सौदा तय कर बयाने की राशि विक्रेता को अदा कर चुके है उक्त भूमि को मेरे नाम पर या मेरे द्वारा अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन निकट भविष्य में उप पंजीयन कार्यालय जांजगीर में रजिस्ट्री पंजीकृत होना है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था एवं निकाय को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के भीतर अपने वैध दस्तावेजों के साथ मेरे पास आकर सम्पर्क करें, 07 दिवस के बाद की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और ऐसी आपत्ति शुन्य मानी जायेगी।
भूमि की चौहद्दी :- उत्तर में दिनेश राठौर की भूमि, दक्षिण में आनंद राठौर की भूमि, पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में सावित्री की भूमि है।
सो सूचना जाने।
स्थान - जांजगीर
दिनांक- 12/03/2026
**भवदीय**
**आशालता राठौर पति लक्ष्मण कुमार राठौर**
**सम्पर्क करे सोमेश राठौर**
**मों.-7470737499, 9691440879**

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 303 दिनांक 16/02/2026
श्री Raju Bandwaj (रजिस्टर्ड)। है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि Indusind Bank ltd (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या CG11AM5686 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
तारीख.....
**Registered Authorty**
**Bilaspur (C.G.)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेश कुमार शर्मा पिता स्व. महावीर शर्मा निवासी चांपा तह. व थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की और से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करवाया जा रहा है कि मौजा ग्राम बरपाली (चांपा) प.ह.नं. 07 तह. व रा.नि.म. चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 174/4 रकबा 0.06 ए. की भूमि पटवारी कागजात एवं राजस्व अभिलेख में ओमप्रकाश शर्मा पिता महावीर शर्मा के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि को दिनांक 22/06/2001 को रमेश कुमार शर्मा पिता महावीर शर्मा एवं सतपाल शर्मा पिता महावीर शर्मा के द्वारा श्यामबाई बेवा जगन्नाथ प्रसाद दुबे निवासी चोरिया तह. चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के पास से राशि 2,22,500/- (दो लाख बाईस हजार पांच सौ) में क्रय कर उपपंजीयक महोदय चांपा के समक्ष रजिस्ट्री करा चुका है। जिस आधार पर रमेश कुमार शर्मा पिता स्व. महावीर शर्मा प्रार्थी के द्वारा न्यायालय श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी चांपा में सिविल वाद प्रस्तुत किया है। जिसका व्य.वा.क्र. 18-ए-2026 दर्ज है। जिसकी सुनवाई तिथि 27/04/2026 को नियत है। पक्षकार के रूप में प्रार्थी रमेश कुमार शर्मा विरुद्ध ओमप्रकाश शर्मा वगै. है। प्रकरण की लंबितावस्था में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था द्वारा उक्त भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार की परिवर्तन / कार्यवाही किया जाता है। तो प्रार्थी को अपुर्णिय क्षति होगी। चूंकि मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि ओमप्रकाश शर्मा पिता स्व. महावीर शर्मा मेरे पक्षकार के बिना अनुमति किये बिक्री या बैंक ऋण राशि या अन्य किसी प्रकार का परिवर्तन / कार्यवाही किये जाने की संभावना है। चूंकि उक्त भूमि विवादित है। निराकरण नही हुआ है। यदि किसी भी व्यक्ति बैंक कंपनी एवं शासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा उक्त भूमि/मकान को रहननामा क्रय किया जाता है या बैंक ऋण दिया जाता है, तो स्वयं जवाबदार होंगे।
सो सूचना जाने।
दिनांक 12/03/2026
**भवदीय**
**ए.पी. प्रधान (एडवोकेट) चांपा**
**मो.नं. 9669085455**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द - नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग - स्त्री रोग - मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग - मधुमेह (डायबिटीज़) - नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग - पेट संबंधी विकार - थायराइड
- अस्थमा - मोटापा - मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# भूत बंगला का पोस्टर जारी अक्षय पेड़ से उल्टा लटके दिखे

**मुंबई।** अक्षय कुमार कीअपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर से ठीक पहले उन्होंने अपना एक पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में चमगादड़ों के बीच अक्षय पेड़ से उल्टा लटके नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जी जान लगाकर जुटे नजर आ रहे हैं। जल्द ही उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हालांकि, इस वक्त फैन्स को फिल्म के टीजर का इंतजार है, लेकिन इससे पहले अक्षय कुमार ने एक सरप्राइज अपने फैन्स को दिया है। अक्षय ने 'भूत बंगला' का पोस्टर जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए एक फनी कैप्शन भी दिया है।

## लाइफ Style

# अदा
## बर्बाद हो गई है मेरी जिंदगी

'द केरल स्टोरी' फेम अदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। एक्ट्रेस ने बताया है कि वह एक साल तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थीं। लेकिन, फिर हालात कुछ ऐसे बने हैं कि उनके पास 1 महीने से कोई काम नहीं हैं। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमोशनली, मेंटली, प्रोफेशनली, फाइनेंशियली बेकार।' साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा बीते 1 महीने से घर पर खाली बैठी हैं। उनके पास काम नहीं है। 33 साल की अदा ने वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। वह बताती हैं कि एक फिल्म के शेड्यूल में दिक्कतों की वजह से उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन में भी अटक गई है। इस कारण वह पिछले एक महीने से घर पर 'वेल्ली' बैठी हैं। एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में, एक प्रोड्यूसर के साथ अपने बुरे अनुभव का जिक्र किया है। बताया है कि वह बार-बार एक प्रोजेक्ट का शूटिंग शेड्यूल बदल देते थे। ऐसे में आखिरकार अदा के दूसरे प्रोजेक्ट्स के डेट्स भी आपस में क्लैश हो गए। साल 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदा शर्मा ने बताया कि एक ही समय में उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स के लिए कमिट किया था। हालांकि, पहली फिल्म का शेड्यूल बदलता रहा, जिससे उन दूसरे प्रोडक्शन्स की टाइमलाइन पर असर पड़ने लगा, जिन पर उन्हें काम करना था। पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने पहले से तय डेट्स को बनाए रखने पर जोर दिया और उनके मैनेजर पर किसी भी कीमत पर इसे पूरा करने का दबाव डाला।



## हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक खोलेगी पॉपस्टार के जीवन के राज

**लॉस एंजिल्स।** 'किंग ऑफ पॉप' कहे जाने वाले माइकल जैक्सन की बॉयोपिक 'माइकल' जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इसके पहले मेकर्स ने इसके सिनेमाघरों में रिलीज के पहले स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। इस शो को बुधवार 22 अप्रैल को एक दिन के लिए रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में दिवंगत पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दिखाया जाएगा। माइकल के जन्म परिवार और फिर खुद को संगीत में खोजने के तरीकों के बारे में भी दर्शक काफी कुछ जान पाएंगें।



# खुलकर बताया जेल के अंदर का अनुभव

**लॉस एंजेलिस ।** पूर्व फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन दुष्कर्म के आरोपों के चलते जेल में बंद हैं। इस दौरान उन्होंने खुद पर जेल के अंदर हो रहे हमलों के बारे में बताया साथ ही घरवालों से बेहद कम संपर्क होने की बात की। फिलहाल हार्वी रिकर्स आइलैंड मे कैद हैं। 73 वर्षीय वेनस्टीन बलात्कार के आरोप में जेल में हैं। वह अब इस मामले में कोर्ट के पुनर्विचार की तैयारी में हैं। हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत के दौरान उन्होंने जेल में अपने दिनों के बारे में बताया। जिसमें उन्होंने कहा कि कारावास काफी असुरक्षित है यहां हद से ज्यादा एकांत है। वह सारा दिन कोठरी में बिताते हैं और अन्य कैदियों से काफी कम संपर्क रखते हैं। फिल्म निर्माता हार्वी वाइंस्टीन ने अपने इंटरव्यू में दावा किया। एक बार जेल में उनपर हमला भी हो चुका है।



# अदिवि-मृणाल की फिल्म की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** आगामी 19 मार्च को बॉक्स ऑफिस पर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' दस्तक देने वाली है। इसकी रिलीज से पहले कई फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट में बदलाव किए हैं। इसमें अब 'डकैत' का नाम भी जुड़ गया है। फिल्म 'धुरंधर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार आगामी 19 मार्च को पूरा हो रहा है। इसी दिन पहले अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' भी रिलीज होने वाली थी। मगर, अब ऐसा नहीं होगा। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की भिड़ंत नहीं होगी। 'डकैत' के मेकर्स ने रिलीज से हफ्तेभर पहले तारीख बदल दी है। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' के लिए दर्शकों को अभी और इंतजार करना होगा। इसकी रिलीज डेट अगले महीने यानी अप्रैल में खिसका दी गई है। यह फिल्म अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नीम करोली बाबा की भूमिका में दिखेंगे

**मुंबई।** भारत में धार्मिक मान्यताओं का अपना महत्व है। इन्हीं मान्यताओं के हिसाब से हनुमान जी के अवतार माने जानेवाले नीम करोली बाबा के भक्तों में देश और दुनिया भर के लोग शामिल हैं। कहा जाता है कि उनके भक्तों में स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोग शामिल हैं। अब नीम करोली बाबा पर एक फिल्म बनकर तैयार है। इस फिल्म में नीम करोली बाबा के रोल में मराठी एक्टर सुबोध भावे नजर आनेवाले हैं। पूजनीय आध्यात्मिक गुरू नीम करोली बाबा के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी चल रही है। फिल्म प्रड्यूसर शरद सिंह ठाकुर नीम करोली बाबा 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' की जीवनी पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए नीम करोली बाबा के परिवार से सहमति ले ली गई है और उनकी जिंदगी को लेकर काफी रिसर्च भी किया गया है।

## टीवी मसाला



# बहन की मौत के बाद उसके बच्चों की मां बनी ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** 'हप्पू की उल्टन पलटन' में राजेश हप्पू सिंह का रोल प्ले करने वालीं गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की खातिर कभी शादी न करने का फैसला किया। बहन की मौत हुई तो उनके बच्चों की जिम्मेदारी गीतांजलि ने ली और मिसाल कायम की। पर कभी रिश्तेदारों ने उनका जीना दूभर कर दिया था। उनकी कहानी भावुक कर देगी। गीतांजलि मिश्रा....इन्हें आपने 'क्राइम पेट्रोल' से लेकर 'सावधान इंडिया', 'बालिका वधू' और अब 'हप्पू सिंह की उल्टन पलटन' जैसे टीवी सीरियलों में देखा होगा। 'हप्पू की उल्टन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा ने एक्ट्रेस कामना पाठक को रिप्लेस किया और राजेश सिंह का किरदार निभा रही हैं, जो इंस्पेक्टर हप्पू सिंह की पत्नी हैं। गीतांजलि मिश्रा भले ही राजेश सिंह का कॉमिक किरदार निभा रही हैं, पर उन्हें लोग उनके निभाए नेगेटिव किरदारों के लिए ही याद करते हैं। इस कारण उन्हें लोगों की भी खूब बातें और ताने सुनने पड़े। एक्ट्रेस आज भी सिंगल हैं? गीतांजलि मिश्रा 39 साल की हो चुकी हैं, पर उन्होंने बहन के बच्चों की खातिर अपना घर नहीं बसाया। बहन के गुजर जाने के बाद गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की मां बनकर एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसके बारे में जान हर कोई गर्व करेगा। गीतांजलि मिश्रा की जड़ें बनारस से जुड़ी हुई हैं। उनके मम्मी-पापा बनारस के रहने वाले हैं, पर वह खुद मुंबई में पैदा हुई थीं। हालांकि, पिता का कई साल पहले निधन हो गया, जिसके बाद मां ने उन्हें अकेले ही पाला। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 5 साल की थीं, तो तभी मां उन्हें लेकर मुंबई आ गईं। मुंबई में मां ने दूध और सब्जी बेचकर पैसे कमाए ताकि गुजारा हो सके। गीतांजलि की एक बहन भी थी, पर साल 2017 में उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## दीपिका के मन में बैठ गया है डर

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ को पिछले साल लिवर में कैंसर का पता चला था, जिसका उन्होंने इलाज करवाया था लेकिन ये बीमारी फिर उभर आई। जिसकी सर्जरी फरवरी महीने में हुई



थी। उसके बारे में शोएब ने सारा अपडेट फैंस को दिया था। अब लेटेस्ट व्लॉग में उन्होंने और उनके पति शोएब इब्राहिम ने यूट्यूब चैनल पर डेली लाइफ रूटीन शेयर की। इस दौरान एक्ट्रेस भावुक हो गईं। क्योंकि उनका अगले हफ्ते ब्लड टेस्ट होना है। उन्होंने कहा कि उनके मन में एक डर बैठ गया है। दीपिका कक्कड़ ने अभिनय से दूरी बना ली है। वह अपनी हेल्थ के कारण परेशान रहती हैं। लेटेस्ट व्लॉग में शोबए ने बताया कि एक्ट्रेस को अपनी नई डाइट और रूटीन के कारण कुछ दिन अजीब लगे। उन्होने कहा, 'दीपिका की नई डाइट बनाई गई है। वह उसे फॉलो कर रही हैं। सुबह 7 बजे रोज उठती हैं और टहलने जाती हैं। इसके बाद शाम 7 बजे के बाद वह कुछ खा नहीं सकती हैं।'



# जुनैद और साई की मूवी एक दिन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जुनैद खान और साई पल्लवी स्टारर 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें दोनों की क्यूट और सुकून भरी लव स्टोरी देखने को मिल रही है। हफ्तों के बढ़ते इंतजार के बाद, आमिर खान प्रोडक्शंस ने आखिरकार फिल्म 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म थिएटर्स में 1 मई को रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत बहुत ही सुकून भरी और दिल को छू लेने वाली दुनिया से होती है, जो दर्शकों को एक जादुई और क्लासिक प्रेम कहानी की झलक देती है। ट्रेलर में जुनैद खान एक 'फॉर्च्यून बेल' (किस्मत की घंटी) के बारे में बताते दिख रहे हैं, जिसे बजाने पर सच्चे प्यार की मुराद पूरी होती है। जब वह यह बात कह रहे होते हैं, तब वह साई पल्लवी के किरदार 'मीरा' की तरफ देखते हैं और मन ही मन दुआ करते हैं कि काश वो उनकी हो जाए। वह कहते हैं कि वह चाहते हैं कि उनकी यह ख्वाहिश पूरी हो, भले ही सिर्फ एक दिन के लिए।

ट्रेलर में जुनैद और साई पल्लवी के बीच की प्यारी केमिस्ट्री देखने को मिलती है, जो एक इमोशनल और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी का इशारा दे रही है। दोनों किरदारों के बीच का अंतर साफ नजर आता है। जुनैद एक प्यारे और थोड़े झिझकने वाले लड़के के रूप में दिख रहे हैं, जो अपने रोल में मासूमियत और सादगी लेकर आए हैं, वहीं साई पल्लवी कॉन्फिडेंट और शांत नजर आ रही हैं। यह कॉन्ट्रास्ट उनकी केमिस्ट्री को और भी दिलचस्प और ऐसा बनाता है जिससे लोग खुद को जोड़ सकें, जिससे उनकी कहानी देखने में और भी मजेदार लगती है। फिल्म का टाइटल ट्रैक, जो कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था और जिसे अरिजीत सिंह के होमटाउन में शूट किया गया है, उसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला।

# धुरंधर 2 और उस्ताद भगत सिंह से पहले इन फिल्मों के बीच हो चुका है क्लैश...

**मुंबई।** 19 मार्च को 'धुरंधर 2' और 'उस्ताद भगत सिंह' के बीच बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर होने वाली है। इससे पहले भी बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हो चुके हैं। बॉक्स ऑफिस क्लैश का मुकाबले दिखाते हैं कि अच्छी कहानी, स्टार पावर और दर्शकों का प्यार दोनों ही फिल्मों को सफल बना सकता है

***गदर 2/ जेलर :*** सनी देओल की 'गदर 2' 11 अगस्त 2023 को रिलीज हुई थी। सनी की इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। एक दिन पहले 10 अगस्त को रजनीकांत की 'जेलर' रिलीज हुई थी, जो तमिलनाडु और विदेशों में बहुत सफल रही। दोनों फिल्में अलग-अलग जगहों में हिट हुईं और साथ-साथ अच्छा बिजनेस किया।





***डंकी/ सालार: भाग 1 :*** शाहरुख खान की फिल्म डंकी 21 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। वहीं साउथ स्टार प्रभास की एक्शन फिल्म सालार 22 दिसंबर को रिलीज हुई थी। 'सालार' ने बड़े स्क्रीन्स और दक्षिण में दबदबा बनाया, जबकि 'डंकी' शहरों के मल्टीप्लेक्स में अच्छी चली। दोनों में कड़ी टक्कर दिखाई दी।

***जीरो/ केजीएफ 1 :*** 21 दिसंबर 2018 को शाहरुख खान की 'जीरो' और यश की 'केजीएफः चैप्टर 1' आमने-सामने आईं। 'जीरो' उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, लेकिन 'केजीएफ' ने पूरे देश में जमकर कमाई की। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाई दी।

***वॉर 2/ कुली :*** पिछले साल 2025 में 14 अगस्त को ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' और रजनीकांत की 'कुली' रिलीज हुईं। 'वॉर 2' उम्मीद के मुताबिक नहीं चली, जबकि 'कुली' ने अच्छा बिजनेस किया। इन दोनों फिल्मों के मुकाबले में 'कुली' ने बाजी मारी।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी/ कांतारा चैप्टर 1 :*** पिछले साल 2 अक्टूबर को वरुण धवन-जान्हवी कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 आमने-सामने आईं। शहरी दर्शकों के लिए बॉलीवुड फिल्म की उम्मीद थी, लेकिन 'कांतारा' के सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।

## 98वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह 15 को, ऑस्कर में ऐसा रहा भारत का इतिहास

# अब तक इन कलाकारों ने अपने नाम की द गोल्डन बॉय ट्रॉफी

### भारत की किसी फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर

ऑस्कर अवॉर्ड को अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इन्हें साल 1927 में शुरू किया गया था, लेकिन पहला अवॉर्ड 1929 में आयोजित हुआ था। 98 साल के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका। साल 1957 में पहली बार भारत से महबूब खान की फिल्म 'मदर इंडिया'को ऑस्कर भेजा गया था। लेकिन, फिल्म सिर्फ एक वोट से हॉलीवुड फिल्म 'नाइट्स ऑफ कैबिरिया'से पीछे रह गई और अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसके बाद 1989 में 'सलाम बॉम्बे, 2003 में 'लगान' और 2004 में मराठी फिल्म 'श्वास'को फाइनल नॉमिनेशन मिला, लेकिन तीनों ही फिल्में अवॉर्ड नहीं जीत सकीं।

*नई दिल्ली। फिल्म जगत के सबसे प्रमुख ऑस्कर अवॉर्ड के 98वें संस्करण का आयोजन 15 मार्च को होगा। लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाले इस अवॉर्ड समारोह में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भी प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देखा जा सकेगा।*



### सिर्फ 9 भारतीयों को मिला ऑस्कर

भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से सिर्फ नौ भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉर्ड्स मिला है। इनमें भानू अथैया से लेकर, सत्यजीत रे, एआर रहमान, गुलजार, रेसुल पूकुट्टी, एमएम कीरवानी, चंद्रबोस, गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस के नाम शामिल हैं।

### प्रियंका बनेंगी प्रेजेंटर



भारतीय फैंस के लिए इस बार का ऑस्कर और भी खास है। इस बार ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इस समारोह में प्रेजेंटर के तौर पर नजर आएंगी। वह मंच पर विजेताओं को अवॉर्ड देती दिखाई देंगी। उनके साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और ऐन हैथवे जैसे बड़े हॉलीवुड सितारे भी मंच पर नजर आएंगे, जिससे इस साल का शो और भी ग्लैमरस होने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**

## बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत लगा शिविर




**तुस्मा-शिवरीनारायण।** मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ 12 मार्च को हुआ। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी कई जगहों पर कैंप लगाकर लोगों के बिजली बिल से संबंधित समस्या का समाधान किया। 14 मार्च को राज्य स्तर पर लोग अदालत पर भी बिजली की समस्याओं का समाधान किया जाएगा, जिससे की गरीब बेरोजगार लोगों को राहत मिलेगी और सुचारू रूप से परिवार बिजली का उपयोग कर सकेगा। मुख्यमंत्री की इस लाभकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में किया जा रहा है। अधिकारी और कर्मचारी घर जाकर इस बात से उपभोक्ताओं को अवगत करा रहे हैं कि आपकी बकाया बिजली बिल पर सरकार द्वारा छूट कर उचित निर्णय के साथ भुगतान में कटौती कर आपके घर को बिजली की सुविधा दी जाएगी। कैंप में लगातार समस्या समाधान के लिए जनता पहुंच रही हैं। साथ ही 14 मार्च को लगने वाले बिजली समस्या समाधान लोक अदालत के लिए भी तैयारी की जा रही है।

## अफीम खेती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव




**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा गांव में 10 एकड़ में एवं बलरामपुर जिले के दो गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कृषि भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के विरोध में गुरुवार 12 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा ने उग्र प्रदर्शन किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच तीखी नोकझोंक और झूमाझपटी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की और भाजपा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस का स्पष्ट कहना है कि जब तक इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान प्रभारी प्रशांत मिश्रा, रमेश पैगवार, रफीक सिद्दकी, भगवान दास गढ़ेवाल, नागेन्द्र गुप्ता, अमरजीत सलूजा, सुशांत सिंह, मनोज तिवारी, सेवक राम देवांगन, गौतम राठौर, अजीत सिंह राणा, प्रिंस शर्मा, देव कुमार पांडे, पंकज शुक्ला, देव कुमार पांडे, सुनील साधवानी, रामबिलास राठौर, गौरव सिंह, रवींद्र शर्मा, विजय प्रकाश तिवारी, नवल सिंह, सदन यादव, महेश्वर टंडन, गुलजीत सिंह, राजेंद्र यादव, छोटू केशरवानी, दुर्गा कुर्रे, राइस किंग खूंटे, राज सरोज, अनिल मोदी, परमेश्वर निर्मले, हरीश पांडेय, अंजली देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, आकाश तिवारी, ललित देवांगन, अनिल देवांगन, लच्छी लेदर, अनिल चौरसिया, अनिल राठौर, मुस्कान परवीन, प्रमोद पांडे, अनीता प्रकाश, कविता देवांगन, सानिया जांगड़े, विष्णु गड़ा, निषाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति पर शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के तहत सक्ती जिले के तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम सिंघरा निवासी मृतक स्व. श्रीमती जानकी बाई को गड्ढे के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पुत्र शशि भूषण पिता स्व. रामाधार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

**निधन**

### भूरीबाई दिवाकर

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी की प्रतिष्ठित महिला भूरी बाई दिवाकर का बुधवार 11 मार्च को निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थी। वे अपने पीछे दो पुत्र अजय कुमार दिवाकर, संजीव दिवाकर एवं दो पुत्री हेमलता दिवाकर, सुखमत दिवाकर सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### अमरदास महंत

**चांपा।** स्थानीय पुराना कॉलेज रोड कंवरपारा निवासी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहेराडीह में पदस्थ प्रधान पाठक अमरदास महंत का बुधवार 11 मार्च को सायं हृदयाघात से निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। स्व. महंत अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्रों का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 12 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल. बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### इस गर्मी में भी नहीं मिलेगा पानी, प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर पहुंची 120 करोड़

# जल आवर्धन की मंथर गति से हाल बेहाल, चार साल बाद भी काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती





जल आवर्धन योजना के तहत बनाई जा रही पानी टंकी व पाइप लाइन के लिए खोदा गया गड्ढा।

नगर पालिका सक्ती में केन्द्र शासन की महत्वकांक्षी योजना जल आवर्धन का हाल बेहाल है। योजना का काम 2 वर्ष पहले पूर्ण हो जाना था, लेकिन अभी भी 25 प्रतिशत से अधिक काम बाकी है। वहीं संबंधित एजेंसी को 85 प्रतिशत तक का भुगतान किया जा चुका है। फिर भी लोगों को पानी की एक बूंद नसीब नहीं है।

शहर में लोगों को पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए जल आवर्धन योजना का काम शुरु किया गया था। योजना का कार्य दो वर्ष पहले पूर्ण हो जाना था, लेकिन अभी तक काम अधूरा पड़ा है। करीब 25 प्रतिशत कार्य अभी भी होना बाकी है। ऐसे में इस बार भी गर्मी में जल आवर्धन योजना के शुरु होने की कोई उम्मीद नहीं है। पानी मिलना तो अभी दूर की कौड़ी है, लेकिन पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढे नगरवासियों को परेशान कर रहे है। सांसद प्रतिनिधी संजय रामचंद्र ने बताया कि निर्माण एजेंसी के द्वारा नगर में पूर्व में हुए सड़क, नाली व अन्य निर्माण कार्य को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है और आज कई महीना बीतने के बाद भी स्थलों की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे लोगों के घरों एवं दुकानों के सामने धूल का अंबार लग रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी इस पर निर्माण एजेंसी व संबंधित अधिकारियों के द्वारा आज पर्यंत कोई कार्यवाही नहीं कहीं जा रही है। लगातार निर्माण एजेंसी को भुगतान किया जा रहा है। साथ ही सांसद प्रतिनिधी संजय रामचंद्र ने बताया कि योजना शुरुआत में लगभग 100 करोड़ की लागत से पूर्ण होनी थी किंतु निर्माण एजेंसी की लापरवाही से योजना की लागत भी लगभग 20 प्रतिशत बढ़ोतरी होते हुए 120 करोड़ के आसपास पहुंच गई है। इसके कारण शासन को 20 करोड का राजस्व हानि हुई। इस योजना में कार्यरत कर्मचारियों को 3 माह से भुगतान भी ठेकेदार के द्वारा नहीं किया गया है। 3 माह पूर्व दिशा समिति की बैठक मे जल्दी कार्य पूर्ण करने कहा गया था एवं संबंधित एजेंसी को भुगतान नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। मार्च महीने में दिशा समिति की बैठक में सभी सदस्यों ने तिखी आलोचना की। दिशा समिति की अध्यक्ष सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे ने जांच कराकर कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिए हैं। उक्त योजना के कार्य के देखरेख करने वाली एजेंसी नगर पालिका सक्ती के द्वारा लगातार निर्माण एजेंसी को भुगतान किया जा रहा, लेकिन अब तक किसी भी घर तक पानी की एक बूंद नहीं पहुंच पाई है। लोगों में नगरपालिका व निर्माण एजेंसी के मनमानी से भारी आक्रोश व्याप्त है। आम जनमानस को उक्त कार्य की देखरेख कर रही एजेंसी नगरपालिका सक्ती की भूमिका संदिग्ध लग रही है। नगर में चल रहे जल आवर्धन के काम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अभी तक कार्यपूर्ण होना था, लेकिन अभी तक उनके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

**शीघ्र करने दिए हैं निर्देश**

संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य को शीघ्र करने का निर्देश दिए हैं। कार्य के आधार पर भुगतान किया गया है।

-प्रहलाद पांडेय,
सीएमओ
नगर पालिका सक्ती




## रेत के अवैध उत्खनन से खतरे में सरपंचों की कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

■ एसडीएम ने चार ग्राम पंचायतों को भेजा धारा 40 का नोटिस

विकासखंड में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए एसडीएम द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चार ग्राम पंचायत के सरपंचों को धारा 40 का नोटिस जारी किया गया है।

राजस्व विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि अनुभाग के अंदर कई घाटों पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के तंबोली ने स्वयं जांच अभियान चलाकर उक्त घाटों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से बात की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सरपंच द्वारा ही अवैध रूप से रेत उत्खनन का कार्य कराया जा रहा है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा गौण खनिज नियम 1996 के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्थित शासकीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है किंतु उनके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन दृढ़ता पूर्वक नहीं किया गया, जो कदाचार की श्रेणी में आता है, जिसके कारण उनके कृत्य को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत उनको पद से पृथक करते हुए 6 वर्ष की कालावधि के लिए निर्हरित करने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ग्राम पंचायत खोरसी, ग्राम पंचायत खरगहनी, ग्राम पंचायत तनौद एवं ग्राम पंचायत कमरीद के सरपंच को नोटिस जारी कर 13 मार्च तक स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। नियत समय अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा जवाब संतोष प्रद नहीं होने पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज्य अधिनियम 1993 के तहत नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। धारा 40 का नोटिस मिलने पर सम्बन्धित सरपंचों में हड़कंप मचा हुआ है।

## मजदूरी करने जम्मू कश्मीर जा रहे युवक की संदिग्ध मौत, मुजफ्फर नगर में रेलवे पटरी किनारे मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

रोजी-मजदूरी करने जम्मू कश्मीर जा रहे सक्ती जिले के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रेलवे पटरी के किनारे युवक का शव बरामद किया गया है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हसैद निवासी सीताराम साहू पिता अमृतलाल साहू उम्र 25 वर्ष 10 मार्च को अपने माता-पिता के पास मजदूरी करने के लिए जम्मू कश्मीर जाने के लिए घर से निकला था। वह चांपा से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में सवार होकर अमृतसर की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि 12 मार्च की सुबह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रेलवे पटरी के किनारे संदिग्ध हालत में एक युवक का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान बाद में सीताराम साहू के रूप में हुई। शव के सिर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी ने युवक के साथ मारपीट कर उसे ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार घटना से पहले बुधवार रात करीब 10 बजे सीताराम ने अपनी मां लक्ष्मीन बाई को फोन कर बताया था कि ट्रेन में कुछ युवक उससे झगड़ा कर रहे हैं और मारपीट की स्थिति बन रही है। इसके बाद परिवार के लोगों का उससे संपर्क नहीं हो पाया। सीताराम की जानकारी लेने के लिए उसके माता-पिता रात भर उसे फोन करते रहे, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। बताया जाता है कि मृतक के माता-पिता जम्मू कश्मीर में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करते हैं। सीताराम भी उन्हीं के पास काम करने जा रहा था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा और माता-पिता का इकलौता बेटा था। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सीताराम का मोबाइल चालू हुआ तो उसकी मां लक्ष्मीन बाई ने फोन कर उसकी लोकेशन पूछनी चाही, तब फोन मुजफ्फरनगर पुलिस ने उठाया और घटना की जानकारी दी। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इसके बाद पिता और रिश्तेदारों के साथ परिजन मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए।

## प्रदेश साहू संघ के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने राजकुमार



**जांजगीर चांपा।** साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू द्वारा समाज के संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। इसी क्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह दायित्व मिलने पर राजकुमार साहू ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साहू समाज के लोगों को व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने तथा समाज के व्यापारियों को एक मंच पर जोड़ने विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा समाज के हित में कार्य करते रहेंगे।

## संयुक्त संचालक शिक्षा ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती




निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों के साथ उपस्थित संयुक्त संचालक एवं अन्य।

■ छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई एवं सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी

संयुक्त संचालक शिक्षा आर. पी. आदित्य द्वारा जिला सक्ती के शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगरदा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक श्री आदित्य ने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नागदा के निरीक्षण के दौरान छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं आवासीय सुविधाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी भी ली तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यालयों में नियमित मॉनिटरिंग कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए सतत प्रयास किए जाएं। इस अवसर पर जिला एवं विकासखंड स्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में दो साल के भीतर सड़क हादसे में गई 178 लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने विधानसभा सत्र में उठाया मुद्दा

विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही मौतों का मुद्दा विधानसभा में गया। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में गृह विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2026 तक अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 346 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 178 लोगों की मौत हो गई, जबकि 294 लोग घायल हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 155 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 76 लोगों की मौत हुई और 144 लोग घायल हुए। वहीं वर्ष 2025 में 165 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 89 लोगों की मौत और 123 लोग घायल हुए। वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 14 फरवरी तक 26 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 13 लोगों की मौत और 27 लोग घायल हुए हैं। विधानसभा में दी गई जानकारी में बताया गया कि जांजगीर विधानसभा क्षेत्र में इसी अवधि में 304 दुर्घटनाएं, 120 मौतें और 277 घायल दर्ज किए गए। वहीं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 248 दुर्घटनाएं, 127 मौतें और 223 लोग घायल हुए। इस प्रकार जिले के इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 898 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 425 लोगों की मौत हो गई और 794 लोग घायल हुए हैं। गृह विभाग की ओर से बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण तेज गति से वाहन चलाना और लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा कई उपाय किए जा रहे हैं। इसके तहत यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर, लाइट, रेडियम, रंबल स्ट्रीप, रोड मार्किंग और संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं।

## भाजयुमो की जिला कार्यसमिति सदस्य बनी भारती रामगोपाल



**देवरी सारागांव।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन एवं भा ज यु मो प्र देशा ध्य क्ष राहुल योगराज टिकरिहा व सक्ती भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल के सहमति से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धनेश्वरी साहू ने नगर पंचायत सारागांव के भाटापारा वार्ड नंबर 01 के पार्षद श्रीमती भारती रामगोपाल यादव को भाजपा महिला मोर्चा की जिला विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। श्रीमती यादव ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने की बात कही।

## नगर के विकास कार्यों को लेकर नपाध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात



**अकलतरा।** नगर पालिका अकलतरा की अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी ने कलेक्टर जनमेजय महोबे से मुलाकात कर नगर के विकास कार्यों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने नगर में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति और आम नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को बताया कि नगर में कई विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद की बैठकों में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं, लेकिन संबंधित विभागों को भेजे जाने के बावजूद अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के संचालन में प्रशासनिक दिक्कतें आ रही हैं। साथ ही टेंडर प्रक्रिया में बार-बार निरस्तीकरण कर नई निविदा निकालने से समय और संसाधनों की भी बर्बादी हो रही है।नपाध्यक्ष ने कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का भी उल्लेख किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने और समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा।

### गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ।

जनपद पंचायत मालखरौदा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

सीईओ श्री जैन द्वारा ग्राम पंचायत बंदोरा, करीगांव, किरकर एवं नवागांव में नाली निर्माण कार्य, मुक्तिधाम निर्माण, पीडीएस गोदाम निर्माण कार्य तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे आवासों का अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों और हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत करीगांव एवं नवागांव में नाली निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनपद पंचायत मालखरौदा परिसर में किए जा रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य को भी गुणवत्तापूर्वक किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। सीईओ श्री जैन ने मनरेगा योजना अंतर्गत समस्त तकनीकी सहायकों के साथ कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान सभी तकनीकी सहायकों को नियमित रूप से फील्ड का दौरा करने तथा अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने जनपद पंचायत मालखरौदा में 15वें वित्त आयोग की राशि से क्रय किए गए पानी टैंकर को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत मालखरौदा सीईओ संदीप कश्यप, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत सक्ती बी.पी. साहू, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक मनरेगा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

